कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2023 1589 भिलाई, दिनांक 13/7/23

//आदेश//

नगर पालिक निगम, भिलाई के विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय, आवास सह व्यवसाय, व्यवसायिक भूखण्डों के अतंरण हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गयी जिसमें 133 भूखण्डों के अतंरण हेतु उच्चतम बोली प्राप्त हुई जिसकी स्वीकृति कलेक्टर महोदय द्वारा दिनांक 06.04.2023 को प्रदान की गई। कलेक्टर महोदय के स्वीकृति उपरान्त उच्चतम बोली दाताओं को बोली की राशि जमा करने हेतु दिनांक 16.04.2023 से 26.04.2023 तक सूचना पत्र जारी किया गया। श्री तेजस्व गुप्ता, स्वच्छता पर्यवेक्षक द्वारा सूचना पत्र में कॉट–छॉट करते हुए निविदा के शर्तो का उल्लंघन कर अनियमितता बरती गई तथा समयावधि के बाहर उच्चतम बोली दाताओं से प्रब्याजी जमा करायी गयी। उनका यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं जिम्मेदारी का निर्वहन सही ढंग से नही करने का परिचायक है, जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1)(2)(3) के विपरीत है।

उनके इस प्रकार के कृत्य हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1000 भिलाई, दिनांक 28.06.2023 के द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।

श्री तेजस्व गुप्ता, स्वच्छता पर्यवेक्षक का प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नही होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर में रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

R vyas

रोहित व्यास
(आई.ए.एस.)
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2023 1590 भिलाई, दिनांक 13/7/23

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त 1/2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 01 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को निगम भिलाई की वेबसाईट में अपलोड हेतु सूचनार्थ।
9. **श्री तेजस्व गुप्ता, स्वच्छता पर्यवेक्षक** नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

R vyas

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई